Roll No.----------------------

| प्रश्नपुस्तिका क्रमांक<br>Question Booklet No. |
| --- |
| |

O.M.R. Serial No. | | | | | | | | |

| प्रश्नपुस्तिका सिरीज<br>Question Booklet Series |
| --- |
| C |

# LL.B(Fourth Semester) Examination, January-2022

# LL.B401

# LAW OF EVIDENCE

**Time : 1:30 Hours** **Maximum Marks-100**

**जब तक कहा न जाय, इस प्रश्नपुस्तिका को न खोलें**

**निर्देश : –**

1. परीक्षार्थी अपने अनुक्रमांक, विषय एवं प्रश्नपुस्तिका की सिरीज का विवरण यथास्थान सही– सही भरें, अन्यथा मूल्यांकन में किसी भी प्रकार की विसंगति की दशा में उसकी जिम्मेदारी स्वयं परीक्षार्थी की होगी।
2. **इस प्रश्नपुस्तिका में 100 प्रश्न हैं, जिनमे से केवल 75 प्रश्नों के उत्तर परीक्षार्थियों द्वारा दिये जाने है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर प्रश्न के नीचे दिये गये हैं। इन चारों में से केवल एक ही उत्तर सही है। जिस उत्तर को आप सही या सबसे उचित समझते हैं, अपने उत्तर पत्रक (O.M.R. ANSWER SHEET)में उसके अक्षर वाले वृत्त को काले या नीले बाल प्वांइट पेन से पूरा भर दें। यदि किसी परीक्षार्थी द्वारा निर्धारित प्रश्नों से अधिक प्रश्नों के उत्तर दिये जाते हैं तो उसके द्वारा हल किये गये प्रथमतः यथा निर्दिष्ट प्रश्नोत्तरों का ही मूल्यांकन किया जायेगा।**
3. प्रत्येक प्रश्न के अंक समान हैं। आप के जितने उत्तर सही होंगे, उन्हीं के अनुसार अंक प्रदान किये जायेंगे।
4. सभी उत्तर केवल ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर ही दिये जाने हैं। उत्तर पत्रक में निर्धारित स्थान के अलावा अन्यत्र कहीं पर दिया गया उत्तर मान्य नहीं होगा।
5. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक **(O.M.R. ANSWER SHEET)** पर कुछ भी लिखने से पूर्व उसमें दिये गये सभी अनुदेशों को सावधानीपूर्वक पढ़ लिया जाय।
6. परीक्षा समाप्ति के उपरान्त परीक्षार्थी कक्ष निरीक्षक को अपनी प्रश्नपुस्तिका बुकलेट एवं ओ०एम०आर० शीट पृथक–पृथक उपलब्ध कराने के बाद ही परीक्षा कक्ष से प्रस्थान करें।
7. निगेटिव मार्किंग नहीं है।

**351**

महत्वपूर्ण : – **प्रश्नपुस्तिका खोलने पर प्रथमतः जॉच कर देख लें कि प्रश्नपुस्तिका के सभी पृष्ठ भलीभॉति छपे हुए हैं। यदि प्रश्नपुस्तिका में कोई कमी हो, तो कक्ष निरीक्षक को दिखाकर उसी सिरीज की दूसरी प्रश्नपुस्तिका प्राप्त कर लें।**

1. The provision of refreshing memory is given under which section of Evidence Act?
   (A) Sec. 158
   (B) Sec. 159
   (C) Sec. 160
   (D) Sec. 162

2. In which section of Indian Evidence Act, A judge is empower to put relevant or irrelevant question by the parties or witness of the case?
   (A) Sec. 164
   (B) Sec. 165
   (C) Sec. 166
   (D) Sec. 167

3. Which section of Indian Evidence Act provide that 'No new trial for improper admission or rejection of the Eviden?
   (A) Sec. 167
   (B) Sec. 161
   (C) Sec. 165
   (D) Sec. 147

4. The statement of Hostilewitness under Indian Evidence Act, is-
   (A) Irreleven
   (B) May be the basis of Evidence
   (C) May not be the basis of Evidence
   (D) No any Evidentiary value

1. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में स्मृत ताजा करने का प्रावधान है?
   (A) धारा 158
   (B) धारा 159
   (C) धारा 160
   (D) धारा 162

2. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के किस धारा में न्यायाधीश को वाद के पक्षकार या गवाह से सुसंगत या असंगत प्रश्न पूछने हेतु अधिकृत किया गया है?
   (A) धारा 164
   (B) धारा 165
   (C) धारा 166
   (D) धारा 167

3. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा यह उपबन्ध करती है कि साक्ष्य के अनुचित ग्रहण या अग्रहण के आधार पर कोई नवीन विचारण नही होगा?
   (A) धारा 167
   (B) धारा 161
   (C) धारा 165
   (D) धारा 147

4. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत पक्षद्रोही साक्षी का कथन–
   (A) असंगत है
   (B) आधारित हुआ जा सकता है
   (C) आधारित नही हुआ जा सकता है
   (D) कोई साक्षीय मूल्य नहीं है

5. Leading question may asked-
(A) In examination in chief
(B) In cross examination
(C) In Re-examination with the permission of court
(D) All the above

5. सूचक प्रश्न पूछे जा सकते है–
(A) मुख्य परीक्षा में
(B) प्रतिपरीक्षा में
(C) न्यायालय की अनुमति से पुनः परीक्षा में
(D) उपरोक्त सभी

6. In which section of Evidence Act, leading question is defined?
(A) Sec. 141
(B) Sec. 142
(C) Sec. 143
(D) Sec. 145

6. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के तहत सूचक प्रश्न को किस धारा में परिभाषित किया गया है?
(A) धारा 141
(B) धारा 142
(C) धारा 143
(D) धारा 145

7. Under which section of the Evidence Act an accomplice is declared as a competent witness?
(A) Sec. 114
(B) Sec. 111
(C) Sec. 123
(D) Sec. 133

7. निम्नलिखित में से किस धारा में सहअपराधी एक सक्षम साक्षी घोषित किया गया है–
(A) धारा 114
(B) धारा 111
(C) धारा 123
(D) धारा 133

8. Under Indian Evidence Act, confidential communication is protect if it is delivers to-
(A) Magistrate
(B) Police officer
(C) Legal advisers
(D) Revenue officer

8. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अनुसार गुप्त सूचनाए निम्न में से किसको दिये जाने पर संरक्षित है–
(A) मजिस्ट्रेट को
(B) पुलिस अधिकारी को
(C) विधिक सलाहकार को
(D) राजस्व अधिकारी को

9. Which of the following section is an exception to sec. 23 of Evidence Act.
(A) Sec. 126
(B) Sec. 162
(C) Sec. 125
(D) Sec. 152

9. निम्नलिखित में से कौन सी धारा साक्ष्य अधिनियम की धारा 23 के लिए एक अपवाद है
(A) धारा 126
(B) धारा 162
(C) धारा 125
(D) धारा 152

10. Which of the following section of Indian Evidence Act relates with profession communication of pleader-?

(A) Only sec. 128
(B) Only sec. 130
(C) Sec. 133 and 134
(D) Sec. 126 and 127

10. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा प्लीडर की वृत्तिक संसूचनाओं से सम्बन्धित है?

(A) केवल धारा 128
(B) केवल धारा 130
(C) धारा 133 व 134
(D) धारा 126 व 127

11. The provision of privileged communication in Evidence Act is-

(A) Only as a right
(B) Only as a duty
(C) Right and duty both
(D) Neither as right nor as a duty

11. भारतीय साक्ष्य अधिनियम में विशेषाधिकार का उपबन्ध है–

(A) केवल अधिकार के रूप में
(B) केवल कर्तव्य के रूप में
(C) अधिकार एवं कर्तव्य दोनों के रूप में
(D) न तो अधिकार और न ही कर्तव्य के रूप में

12. Which one of the following section of the Evidence Act rejects the principal that, "In law husband and wife is one person."?

(A) Sec. 122
(B) Sec. 119
(C) Sec. 120
(D) Sec. 123

12. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा ''पति और पत्नी विधि में एक व्यक्ति होते है।'' के सिद्धान्त का प्रतिबन्ध हटाती है?

(A) धारा 122
(B) धारा 119
(C) धारा 120
(D) धारा 123

13. Who is not a competent witness in the following-

(A) Deaf
(B) Minor
(C) Person of unsound mind
(D) Dumb

13. इनमें से कौन सक्षम साक्षी नहीं है–

(A) बधिर
(B) अवयस्क
(C) मानसिक रूप से विक्षिप्त
(D) मूक

14. Under which section of the Indian Evidence Act, the provision of estoppel is given-
(A) Sec 115 to 117
(B) Sec 118 to 120
(C) Sec 110 to 114
(D) Sec 107 to 109

14. भारतीय साक्ष्य अधिनियम में विवन्ध से संबन्धित प्रावधान किन धाराओं में दिये गये है–
(A) धारा 115 से 117 तक
(B) धारा 118 से 120 तक
(C) धारा 110 से 114 तक
(D) धारा 107 से 109 तक

15. Principle of Estoppel is a____.
(A) Substantive law
(B) Rule of equity
(C) Rule of evidence
(D) Laws of pleadings

15. विवन्धन का सिद्धान्त है एक–
(A) मौलिक विधि
(B) साम्या का नियम
(C) साक्ष्य का नियम
(D) अभिवचनो की विधि

16. The provision of estoppel is given under which chapter of Evidence Act?
(A) Chapter-7
(B) Chapter-8
(C) Chapter-9
(D) Chapter-10

16. साक्ष्य अधिनियम के किस अध्याय में विवन्ध का उपवन्ध है?
(A) अध्याय–7
(B) अध्याय–8
(C) अध्याय–9
(D) अध्याय–10

17. Which one of the following sections of the Evidence Act 1872 is not inserted by information technology Act 2000?
(A) Sec 81-A
(B) Sec 114-A
(C) Sec 73-A
(D) Sec 47-A

17. निम्नलिखित धाराओं में से कौन सी धारा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 में सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 द्वारा अन्तःस्थापित नहीं की गयी थी?
(A) धारा 81–क
(B) धारा 114–क
(C) धारा 73–क
(D) धारा 47–क

18. Sec. 114Evidence Act deals with-
(A) Admissibility of facts
(B) Relevancy of facts
(C) Relevancy of opinion
(D) Legal presumption

18. साक्ष्य अधिनियम की धारा 114 सम्बन्धित है–
(A) तथ्यो की ग्राह्यता
(B) तथ्यो की सुसंगतता
(C) रायो की सुसंगतता
(D) विधिक उपधारणा

19. The provision of Sec. 114 Evidence Act relates with-
   (A) Court can ask question to the parties
   (B) Court can stop the proceedings
   (C) Court can presume the existence of a fact
   (D) Court can ask additional proof

19. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 114 में निम्नलिखित में से किसका प्रावधान है–
   (A) न्यायालय पक्षकारों से प्रश्न पूछ सकता है
   (B) न्यायालय कार्यवाही को रोक सकता है
   (C) न्यायालय किन्ही तथ्यों के अस्तित्व की उपधारणा कर सकता है
   (D) न्यायालय अतिरिक्त सबूत मांग सकता है

20. Sec 113-A Indian Evidence Act is inserted by the following year-
   (A) 1982
   (B) 1983
   (C) 1988
   (D) 1980

20. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 113–क जोड़ी गयी–
   (A) वर्ष 1982 में
   (B) वर्ष 1983 में
   (C) वर्ष 1988 में
   (D) वर्ष 1980 में

21. Which section of the Evidence Act says that birth of a child during legally bed lock is a conclusive proof of legitimacy?
   (A) Sec 110
   (B) Sec 111
   (C) Sec 112
   (D) None of these

21. साक्ष्य अधिनियम का कौन सा प्रावधान कहता है कि विवाहित स्थिति के दौरान जन्म होना धर्मजत्व का निश्चयात्मक सबूत है?
   (A) धारा 110
   (B) धारा 111
   (C) धारा 112
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

22. If a person has not heard______it is supposed that he died.
   (A) Since last 5 years
   (B) Since last 7 years
   (C) Since last 10 years
   (D) Since 12 years

22. किसी व्यक्ति को मरा हुआ माना जायेगा अगर उसके बारे में नहीं सुना गया है–
   (A) 5 वर्ष से
   (B) 7 वर्ष से
   (C) 10 वर्ष से
   (D) 12 वर्ष से

23. Sec. 105 of Evidence Act is intended to be inforce on which of the following?
(A) Criminal trial
(B) Civil case
(C) Both (A) and (B)
(D) Neither (A) nor (B)

23. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 105 निम्नलिखित में से किस पर लागू होना आशयित है–
(A) दाण्डिक विचारण में
(B) दीवानी वाद में
(C) (A) और (B) दोनों में
(D) न तो (A) और न ही (B)

24. Which of the following section of Evidence Act deals with shifting of Burden of proof -
(A) Sec 101
(B) Sec 102
(C) Sec 105
(D) Sec 108

24. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा सबूत का भार बदलने से संबन्धित नहीं है–
(A) धारा 101
(B) धारा 102
(C) धारा 105
(D) धारा 108

25. Burden of proof lies to that person who-
(A) Negatively claims the fact
(B) Positively claims the fact
(C) Both (A)& (B)
(D) None of these

25. साक्ष्य का भार उस व्यक्ति पर होता है–
(A) जो तथ्यो का नकारात्मक दावा करता है
(B) जो तथ्यों का सकारात्मक दावा करता है
(C) (A) और (B) दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

26. 'A' murdered 'B', 'A' is charged by murder of 'B'. In this case, the burden of proof lies?
(A) State
(B) On 'A'
(C) On legal representative of 'B'
(D) Both (A) and (B)

26. 'अ' ने 'ब' की हत्या की है। 'अ' पर हत्या का आरोप है। इस वाद मे सबूत का भार किस पर होगा?
(A) राज्य पर
(B) 'अ' पर
(C) 'ब' के विधिक प्रतिनिधियों पर
(D) (A) और (B) दोनों

27. Under sec. 85-C presumption as to Electronic signature certificate is true, 'court'-

(A) May presume
(B) Shall presume
(C) Shall not presume
(D) May not presume

27. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 85-C के अर्न्तगत न्यायालय इलेक्ट्रानिक हस्ताक्षर के प्रमाण पत्र के सही होने की उपधारणा–

(A) कर सकेगा
(B) करेगा
(C) नही करेगा
(D) नही कर सकेगा

28. In which section of Indian Evidence Act the provision of presumption as to genuineness of certified copies is given?

(A) Sec 78
(B) Sec 70
(C) Sec 79
(D) Sec 80

28. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में प्रमाणित प्रतियो के असली होने के बारे में उपधारणा की गयी है?

(A) धारा 78
(B) धारा 70
(C) धारा 79
(D) धारा 80

29. Which one is the 'Public document' in the following?

(A) Plaint
(B) Written statement
(C) Frist information report
(D) None of these

29. निम्न में से कौन सा लोक दस्तावेज है?

(A) वाद पत्र
(B) लिखित कथन
(C) प्रथम सूचना रिपोर्ट
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

30. In which section of Indian Evidence Act 'Public Document' is provided-

(A) Sec 73
(B) Sec 74
(C) Sec 75
(D) Sec 76

30. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में लोक दस्तावेज का प्रावधान है–

(A) धारा 73
(B) धारा 74
(C) धारा 75
(D) धारा 76

31. In which section of the evidence Act evidence relating to Electronic document is specially mentioned-
(A) Sec 59
(B) Sec 63
(C) Sec 65-(a)
(D) Sec 57-(a)

31. इलेक्ट्रानिक अभिलेखो से संबन्धित साक्ष्य के विषय में भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में विशेष प्रावधान दिया गया है–
(A) धारा 59
(B) धारा 63
(C) धारा 65(क)
(D) धारा 57(क)

32. Photocopy of any original document is-
(A) Primary evidence
(B) Secondary evidence
(C) Hearsay evidence
(D) None of these

32. किसी मूल दस्तावेज से बनाई गई फोटो प्रतियाँ है–
(A) प्राथमिक साक्ष्य
(B) द्वितीयक साक्ष्य
(C) अनुश्रुत साक्ष्य
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

33. Which one of the following is not a primary evidence under evidence Act-
(A) Document prepared by printing
(B) Document prepared on stone by creating
(C) Document prepared by photography
(D) Copy of the original

33. भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत प्राथमिक साक्ष्य क्या नहीं है–
(A) मुद्रण द्वारा तैयार दस्तावेज
(B) शिला मुद्रण द्वारा तैयार दस्तावेज
(C) फोटो चित्रण द्वारा तैयार दस्तावेज
(D) सामान्य मूल की प्रतियाँ

34. 'Hearsay Evidence is no Evidence' is a general rule. 'A' stales that he heard the sound of Bomb explosion in which persons dies. in the court the statement of 'A' is-
(A) Admissible
(B) Not admissible
(C) Irrelevant
(D) Relevant

34. एक नियम यह है कि ''सुना सुनाया साक्ष्य ग्राह्य नही होता'' 'क' न्यायालय में कथन करता है कि, उसने बम फटते हुए सुना जिसमें व्यक्तियों की मृत्यु हुई, 'क' का कथन–
(A) ग्राह्य है
(B) ग्राह्य नहीं है
(C) विसंगत है
(D) सुसंगत है

35. Content of a document may be proved by-
(A) Secondary Evidence
(B) Primary Evidence
(C) Both (A) and (B)
(D) All are false

36. Chapter-V of the Evidence Act relates with-
(A) Oral Evidence
(B) Documentary Evidence
(C) Burden of proof
(D) Examination of witnesses

37. Which of the following statement is not true-
(A) The fact which is judicially noticeable and need not be proved
(B) Facts admitted need not be proved
(C) The content of document and all facts may be proved by oral Evidence
(D) Oral Evidence must not be direct

38. The content of a document is proved under Sec. 59 of the Evidence Act by-
(A) Oral Evidence
(B) Circumstantial Evidence
(C) Primary and secondary Evidence
(D) All of the above

35. दस्तावेजों की अर्न्तवस्तु सिद्ध की जा सकेगी–
(A) द्वितीयक साक्ष्य द्वारा
(B) प्राथमिक साक्ष्य द्वारा
(C) (A) और (B) दोनो सही हैं
(D) उपरोक्त सभी असत्य हैं

36. भारतीय साक्ष्य अधिनियम का अध्याय -V सम्बंधित है–
(A) मौखिक साक्ष्य
(B) दस्तावेजी साक्ष्य
(C) सबूत का भार
(D) साक्षियों का परीक्षण

37. निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही नहीं है–
(A) जिस तथ्य का न्यायालय न्यायिक अवेक्षा करेगा उसे साबित करना आवश्यक नहीं है।
(B) स्वीकृत तथ्यों को साबित करना आवश्यक नहीं है।
(C) सभी तथ्य एवं दस्तावेज की अर्न्तवस्तु मौखिक साक्ष्य द्वारा साबित किए जा सकेगें
(D) मौखिक साक्ष्य प्रत्यक्ष नहीं होना चाहिए

38. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 59 में किसी दस्तावेज की अर्न्तवस्तु को साबित किया जा सकता है–
(A) मौखिक साक्ष्य द्वारा
(B) परिस्थितजन्य साक्ष्य द्वारा
(C) प्राथमिक व द्वितीयक साक्ष्य द्वारा
(D) उपरोक्त किसी से नहीं

39. Facts of which court must take judicial notice under section 57(1) of the Evidence Act-

(A) All laws in force in the tertiary of India

(B) All laws including foreign laws

(C) All Indian and Asian laws

(D) All Indian laws and British laws up to 1950

40. A judicially noticeable fact is enforceable as-

(A) Evidence

(B) Confession

(C) Pleading of ignorance

(D) Rejection of proof

41. The method relation to proving custom is given under following sec of Evidence Act-

(A) Sec 32(4)

(B) Sec 32(2)

(C) Sec 48

(D) All of the above

42. On which subject of the following expert opinion is an evidence-

(A) Foreign law

(B) Relating to science

(C) Relating to art

(D) All of these

39. साक्ष्य अधिनियम की धारा 57(1) के अधीन न्यायालय को न्यायिक अवेक्षा करनी होगी–

(A) भारत में प्रवृत सभी विधियों की

(B) सभी विधियों की जिसमें विदेशी विधियां भी हैं

(C) सभी भारतीय एवं एशियाई विधियों की

(D) सभी भारतीय और 1950 तक की ब्रिटिश विधियों की

40. एक न्यायिक ग्राह्य प्रवर्तित होता है–

(A) ग्राह्य के रूप में

(B) संस्वीकृति के रूप में

(C) अनभिज्ञता के अभिवचन के रूप में

(D) सबूत के अधित्यजन के रूप में

41. रूढ़ि के प्रमाण का ढ़ंग दिया गया है–

(A) साक्ष्य अधिनियम की धारा 32(4) में

(B) साक्ष्य अधिनियम की धारा 32(2) में

(C) साक्ष्य अधिनियम की धारा 48 में

(D) उपरोक्त सभी

42. निम्न में से किस विषय पर विशेषज्ञ की राय साक्ष्य है–

(A) विदेशी विधि

(B) विज्ञान संबन्धी

(C) कला के प्रश्न

(D) यह सभी

43. Evidence discovered by an investigating dogs is came with in the following type of Evidence-
(A) Oral Evidence
(B) Documentary Evidence
(C) Hearsay evidence
(D) Scientific evidence

43. खोजी कुत्ते द्वारा खोजा गया साक्ष्य किस श्रेणी में आता है–
(A) मौखिक साक्ष्य
(B) दस्तावेजी साक्ष्य
(C) अनश्रुत साक्ष्य
(D) वैज्ञानिक साक्ष्य

44. Expert opinion under sec 45 of Evidence Act is-
(A) Conclusive proof
(B) Not relevant
(C) Not admissible
(D) Not a conclusive proof

44. धारा 45 साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत विशेषज्ञ की राय..........है।
(A) निश्चयात्मक प्रमाण
(B) सुसंगत नहीं है
(C) ग्राह्य नहीं है
(D) यह निश्चयात्मक प्रमाण नहीं है

45. The presumption explained under sec 41 of the Evidence Act is-
(A) Presumption of fact
(B) Revocable presumption of law
(C) Presumption of law and fact
(D) Irrevocable presumption of law

45. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 41 में वर्णित उपधारणा है–
(A) तथ्य की उपधारणा
(B) विधि की खण्डनीय उपधारणा
(C) तथ्य और विधि की उपधारणा
(D) विधि की अखण्डनीय उपधारणा

46. Under which sec. of the Evidence Act previous judgements relevant to bar a second suit or trial?
(A) Sec 39
(B) Sec 40
(C) Sec 11
(D) Sec 42

46. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अर्न्तगत द्वितीय वाद या विचारण के वर्जन हेतु पूर्व निर्णय सुसंगत है?
(A) धारा 39
(B) धारा 40
(C) धारा 11
(D) धारा 42

47. Sec 41 of the Evidence Act 1872 does not discuss about the applicability of the following regarding relevancy-
(A) Probate
(B) Admiralty
(C) Insolvency
(D) Revenue

47. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की धारा 41 निम्न में से किस प्रकार की अधिकारिता का उल्लेख नही किया गया है–
(A) प्रोवेट विषयक
(B) नवाधिकरण विषयक
(C) दिवालिया विषयक
(D) राजस्व विषयक

48. Which of the following case relates to Sec 32(1) of the Evidence Act-

(A) Pulukuri kottaye vs Emperor

(B) State of Maharastra vs Damu Gopinath sindey

(C) Pulvinder kaur vs state of punjab

(D) Pakla Narayan Swami vs Emperor

48. निम्न में से कौन सा वाद साक्ष्य अधिनियम की धारा 32(1) से संम्बन्धित है–

(A) पुलुकुरी कोटैय्या बनाम इंपरर

(B) महाराष्ट्र राज्य बनाम दामू गोपीनाथ शिन्दे

(C) पलविन्दर कौर बनाम पंजाब राज्य

(D) पकला नरायन स्वामी बनाम इंपरर

49. Queen Empress vs Abdullah relates with-

(A) Burden of proof

(B) Privileged communication

(C) Confession

(D) Dying Declaration

49. क्वीन एम्प्रेस बनाम अब्दुल्लाह का वाद संबन्धित है–

(A) सबूत के भार से

(B) विशेषाधिकृत संसूचना से

(C) संस्वीकृति से

(D) मृत्युकालिक कथन से

50. For relevancy, dying Declaration should be made before-

(A) Magistrate

(B) Police officer

(C) Doctor or any private person

(D) All the above

50. 'मृत्युकालिक कथन' भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत सुसंगत होने के लिए किसके सम्मुख होना चाहिए–

(A) मजिस्ट्रेट

(B) पुलिस अधिकारी

(C) डाक्टर या प्राइवेट व्यक्ति

(D) उपरोक्त सभी

51. The format of Dying declaration is-

(A) Not important

(B) Important

(C) Only in the form of writing

(D) Only in the form of oral

51. मृत्युकालिक घोषणा का प्रारूप है–

(A) तत्वहीन (महत्वपूर्ण नही)

(B) तात्विक (महत्वपूर्ण)

(C) केवल लिखित में होना चाहिए

(D) केवल मौखिक बोला जाना चाहिए

52. Under the provisions of Indian Evidence Act 1872, the statement in course of business become admissible under sec-
(A) Sec 32(7)
(B) Sec 32(2)
(C) Sec 32(4)
(D) Sec 32(1)

52. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 में कारोबार के अनुक्रम में की गई घोषणा ग्राह्य है–
(A) धारा 32(7) में
(B) धारा 32(2) में
(C) धारा 32(4) में
(D) धारा 32(1) में

53. Relevant statement made by a person who is dead or who cannot be found are relevant-
(A) Only in civil cases
(B) Only in criminal cases
(C) Neither (A) nor (B)
(D) Both (A) and (B)

53. उस व्यक्ति के द्वारा जो मर गया है या मिल नहीं सकता किए गये सुसंगत तथ्य का कथन, सुसंगत है–
(A) केवल व्यवहार मामलो मे
(B) केवल अपराधिक मामलो में
(C) न तो (A) और न ही (B) में
(D) (A) और (B) दोनों में

54. In which section of the Indian Evidence Act the provision of Dying Declaration is given-
(A) Sec 32(4)
(B) Sec 32(1)
(C) Sec 125
(D) Sec 131

54. मृत्युकालिक घोषणा का प्रावधान भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में वर्णित है–
(A) धारा 32(4)
(B) धारा 32(1)
(C) धारा 125
(D) धारा 131

55. Admissions are not conclusive proof of the matters admitted but they may operates as-
(A) Res judicata
(B) Estoppel
(C) Res gestae
(D) None of these

55. स्वीकारोक्ति स्वीकृत तथ्य का निश्चयात्मक साक्ष्य नहीं है लेकिन यह प्रभाव रखेगा–
(A) प्रागन्याय
(B) विवन्धन
(C) रेसजेस्टे
(D) इनमें से कोई नहीं

56. The statement, "All admissions are confession but all confessions are not admission" is-
(A) False
(B) True
(C) Partly false and partly true
(D) None of these

56. यह कथन कि ''सभी स्वीकृतिया, संस्वीकृतियाँ होती है परन्तु सभी संस्वीकृतियाँ स्वीकृतिया नही हो सकती है।''–
(A) असत्य है
(B) सत्य हैं
(C) अंशतः असत्य तथा अंशतः सत्य हैं।
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

57. Confessional statement of co-accused is considered as an evidence-

(A) Adequate
(B) Weak
(C) Wholly believable
(D) Substantial evidence

57. सह–अभियुक्त की स्वीकारोक्ति साक्ष्य के रूप मे माना जाता है–

(A) पर्याप्त साक्ष्य
(B) कमजोर साक्ष्य
(C) पूर्णतः विश्वसनीय साक्ष्य
(D) सारभूत साक्ष्य

58. Under which section of Evidence Act 1872 the provision that "confession made by a accused is relevant against the co-accused" is given in-

(A) Sec 26
(B) Sec 27
(C) Sec 40
(D) Sec 30

58. एक अभियुक्त द्वारा की गई संस्वीकृति दूसरे सह–अभियुक्त के विरूद्ध सुसंगत है, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की–

(A) धारा 26 में
(B) धारा 27 में
(C) धारा 40 में
(D) धारा 30 में

59. Extra judicial confession is such confession which is made before-

(A) In the court before judicial magistrate
(B) Before a doctor
(C) Before a friend
(D) (B) and (C) both

59. न्यायेत्तर संस्वीकृति वह संस्वीकृति है जो की जाती है–

(A) न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष न्यायालय में
(B) चिकित्सक के समक्ष
(C) मित्र के समक्ष
(D) (B) और (C) दोनों

60. Confession otherwise relevant not to become irrelevant because of the promise of secrecy and because he was not warned that it might be given against him, This provision is given under-

(A) Sec 24
(B) Sec 25
(C) Sec 27 and 28
(D) Sec 29

60. गुप्त रखने के वचन के अधीन या उसे प्राप्त करने के लिए की गई प्रवंचना के परिणाम स्वरूप इस बात की जानकारी दिए बिना कि संस्वीकृति का साक्ष्य के रूप में उपयोग किया जायेगा सुसंगत है–

(A) धारा 24 में
(B) धारा 25 में
(C) धारा 27 एवं 28 में
(D) धारा 29 में

61. Under Sec. 27 of the Evidence Act-
(A) Whole statement is admissible
(B) Only that part of the statement is admissible which relates to disclosure of a fact
(C) On the basis of facts and circumstances of the case both (A) & (B) are admissible
(D) Only (A) not (B)

61. साक्ष्य अधिनियम की धारा 27 के अर्न्तगत–
(A) पूर्ण कथन स्वीकार है
(B) केवल वही भाग स्वीकार है जो स्पष्ट रूप से प्रकटीकरण से संबन्धित हो
(C) वाद के तथ्यों एवं परिस्थितियों के आधार पर उपरोक्त दोनों स्वीकार्य है।
(D) केवल (A) न कि (B)

62. Under sec 26 of the Evidence Act, it is provided about the confession made by a accused, when he is-
(A) In Jail
(B) In police custody
(C) In illegal custody
(D) In court

62. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 26 अभियुक्त द्वारा की गई संस्वीकृति के बारे में प्रावधान करती है, जब वह–
(A) जेल में
(B) पुलिस अभिरक्षा में
(C) अवैध अभिरक्षा में
(D) न्यायालय में

63. Under which section of the Indian Evidence Act, confession before a police officer is not admissible-
(A) Sec 25
(B) Sec 27
(C) Sec 41
(D) Sec 17

63. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन सी धारा में पुलिस के समक्ष दी गई संस्वीकृति ग्राह्य नहीं होती है?
(A) धारा 25
(B) धारा 27
(C) धारा 41
(D) धारा 17

64. Under Evidence Act, 'confession' is defined in-
(A) Sec 19
(B) Sec 20
(C) Sec 21
(D) None of these

64. 'संस्वीकृति' की परिभाषा साक्ष्य अधिनियम मे दी गयी है–
(A) धारा 19 में
(B) धारा 20 में
(C) धारा 21 में
(D) इनमे से कोई नहीं

65. Which of the following only relates to civil case in Indian Evidence Act 1872:

(A) Sec 23
(B) Sec 27
(C) Sec 53
(D) Sec 133

65. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 कौन सी धारा केवल सिविल मामलो से संबन्धित है:

(A) धारा 23
(B) धारा 27
(C) धारा 53
(D) धारा 133

66. General rule that "An admission may be proved against the person making it" which of the following provisions of the evidence Act provide an exception to this general rule?

(A) Sec 17
(B) Sec 18
(C) Sec 21
(D) Sec 32

66. सामान्य नियम यह है कि स्वीकृति, स्वीकृतकर्ता के विरूद्ध सावित की जाती है। साक्ष्य अधिनियम के निम्न उपबन्धो में से कौन उपरोक्त नियम का अपवाद बताता है–

(A) धारा 17
(B) धारा 18
(C) धारा 21
(D) धारा 32

67. Any confession which is made by a accused but denied by him later on is said as-

(A) Extra judicial confession
(B) Judicial confession
(C) Retracted confession
(D) Shorten confession

67. कोई संस्वीकृति जो पहले अभियुक्त द्वारा की जाती है किन्तु कुछ समय पश्चात वह मुकर जाता है और इंकार कर देता है कहलाती है–

(A) न्यायिकेत्तर संस्वीकृति
(B) न्यायिक संस्वीकृति
(C) मुकरी हुई संस्वीकृति
(D) लघुकृत संस्वीकृति

68. 'Admissions' under evidence Act has binding force against the person who makes it, at the extent it relates to-

(A) Fact
(B) The question of law
(C) Law and fact both
(D) Neither (A) Nor (B)

68. स्वीकृतियाँ उन्हे करने वाले पर बाध्यकारी है जहाँ तक कि वे संम्बन्धित हैं–

(A) तथ्य से
(B) कानून के प्रश्न से
(C) कानून एवं तथ्य दोनों से
(D) न तो (A) और न (B)

69. Which of the following section of evidence Act define 'Admission'-
(A) Sec 24
(B) Sec 17
(C) Sec 31
(D) Sec 23

69. साक्ष्य अधिनियम की निम्नांकित धाराओं में से कौन सी धारा 'स्वीकृति' को परिभाषित करती है–
(A) धारा 24
(B) धारा 17
(C) धारा 31
(D) धारा 23

70. "When facts not otherwise relevant become relevant, under certain circumstances" the rule is provided under following section of evidence Act-
(A) Sec 11
(B) Sec 12
(C) Sec 13
(D) Sec 14

70. कोई तथ्य अन्यथा सुसंगत नही होने के बावजूद कुछ परिस्थितियो में सुसंगत होता है, उन परिस्थितियों को साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में उपबन्धित किया गया है–
(A) धारा 11 में
(B) धारा 12 में
(C) धारा 13 में
(D) धारा 14 में

71. Proof is a result of-
(A) Enquiry
(B) Investigation
(C) Evidence
(D) Statement

71. सबूत परिणाम होता है–
(A) जाँच का
(B) अन्वेषण का
(C) साक्ष्य का
(D) कथन का

72. Rule of Alibi is given under following Sec-
(A) Sec 8
(B) Sec 6
(C) Sec 11
(D) Sec 12

72. एलीबि (अन्यत्र उपस्थिति) विनियमित होती है–
(A) धारा 8 के अर्न्तगत
(B) धारा 6 के अर्न्तगत
(C) धारा 11 के अर्न्तगत
(D) धारा 12 के अर्न्तगत

73. Those relevant facts necessary to explain the place name, date, relation or Identity of parties or reestablished the facts are relevant under Sec-
(A) Sec 8
(B) Sec 9
(C) Sec 10
(D) Sec 11

73. वे आवश्यक सुसंगत तथ्य जो किसी स्थान, नाम, विधि, संबन्ध या पक्षकारो की पहचान का स्पष्टीकरण देते है या पुनः स्थापित करते है, सुसंगत है–
(A) धारा 8 में
(B) धारा 9 में
(C) धारा 10 में
(D) धारा 11 में

74. 'Identification proceeding' under evidence Act is a______.
(A) Substantial evidence
(B) Corborative evidence
(C) Hearsay evidence
(D) No any type of evidence

74. 'पहचान की कार्यवाही' साक्ष्य विधि में अधीन एक..................है।
(A) सारवान साक्ष्य
(B) संपोषक साक्ष्य
(C) श्रुति साक्ष्य
(D) कोई साक्ष्य नहीं

75. The question is that whether 'A' was raped? the fact that she without any complaint said that she was raped, this fact is as a conduct-
(A) Not relevant
(B) Relevant
(C) Partly relevant
(D) Neither relevant nor irrelevant

75. प्रश्न यह कि क्या 'अ' के साथ बलात्संग किया गया था? यह तथ्य कि उसने परिवाद किए बिना कहा था कि मेरे साथ बलात्संग किया गया, आचरण के रूप में–
(A) सुसंगत नहीं है
(B) सुसंगत है
(C) अंशतः सुसंगत है
(D) न तो सुसंगत है और न ही विसंगत है

76. 'A' is a accused of murder of 'B' by poisoning by potacium cynide. the fact that before the death of B 'A' procured potacium cynide, is relevant under Sec?
(A) Sec 7
(B) Sec 8
(C) Sec 9
(D) Sec 10

76. 'क' के उपर 'ख' को पोटैशियम सायनायड का विष देकर हत्या करने का आरोप है, यह तथ्य कि 'ख' की हत्या के पूर्व 'क' ने पोटैशियम सायनायड खरीदा था, किस धारा के अर्न्तगत सुसंगत है?
(A) धारा 7
(B) धारा 8
(C) धारा 9
(D) धारा 10

77. Sec 8 of Evidence Act not relets to-
(A) Motive
(B) Preparation
(C) Conduct just before or after
(D) Evidence

77. साक्ष्य अधिनियम की धारा 8 संबन्धित नहीं है–
(A) हेतु
(B) तैयारी
(C) पूर्व या पश्चात का आचरण
(D) साक्ष्य

78. 'A' is a accused of the murder of 'B' by beating him. which of the following is relevant fact-

(A) Whatever said by 'A' to 'B'
(B) At the time of beating whatever said by the by-standers near 'A' or 'B'
(C) Shortly after beating 'A' what so ever said by bystanders
(D) All the above

79. Facts which so connected with other facts to form part of the same transaction are relevant if-

(A) They occurred at the same time
(B) They occurred at different time
(C) (A) and (B) both
(D) None of these

80. Relevancy of facts forming part of the same tranction is deal under which of the following section of Indian Evidence Act 1872?

(A) Sec 6
(B) Sec 10
(C) Sec 4
(D) Sec 8

81. Presumption of Innocence is hold by the supreme court in following case-

(A) Fundamental right
(B) Constitutional right
(C) Human right
(D) Customary right

78. 'अ' पर 'ब' को पीटकर उसकी हत्या करने का अभियोग है। निम्नांकित में से कौन से तथ्य सुसंगत होगे–

(A) 'अ' ने 'ब' को जो कुछ कहा हो
(B) पीटने के समय 'अ' या 'ब' के पास खड़े व्यक्तियों ने जो कुछ कहा था
(C) पीटने के थोड़े समय पश्चात 'अ' ने पास खड़े व्यक्तियों से जो कुछ कहा हो
(D) उपरोक्त सभी

79. वे तथ्य, जो दूसरे तथ्य से इस तरह जुड़े होते है कि उसी तथ्य के हिस्सा कहे जा सकते है उनको सुसंगत तथ्य कहा जायेगा यदि–

(A) वे उसी समय घटित हुए हो
(B) वे अलग–अलग समय पर घटित हुए हो
(C) (A) और (B) दोनों
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

80. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की किस धारा में एक ही संव्यहार के भागो की सुसंगतता को वर्णित किया गया है?

(A) धारा 6
(B) धारा 10
(C) धारा 4
(D) धारा 8

81. उच्चतम न्यायालय ने निर्दोषिता की उपधारणा को बताया है–

(A) मौलिक अधिकार
(B) सांविधिक अधिकार
(C) मानव अधिकार
(D) रूढ़िजन्य अधिकार

82. Irrevocable presumpstion oflaw is described under following wards in the Indian Evidence Act 1872-

(A) May presume

(B) Shall presume

(C) Conclusive proof

(D) All the above

82. विधि की अखण्डनीय उपधारणा भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 की निम्न में से किस शब्दावली में व्यक्त किए गये है–

(A) उपधारणा कर सकेगा

(B) उपधारणा करेगा

(C) निश्चयात्मक सबूत

(D) उपरोक्त सभी में

83. Which word in the following is not defined in Indian Evidence Act-

(A) Proved

(B) Not proved

(C) Not proved

(D) Disproved

83. निम्नलिखित में से कौन सा शब्द भारतीय साक्ष्य अधिनियम में परिभाषित नहीं है–

(A) साबित

(B) असिद्ध

(C) साबित नही हुआ

(D) ना साबित

84. "Evidence obtained by unwanted method is admissible if it is otherwise relevant" hold in case of-

(A) Pushpa devi M. jatiya Vs M.L.Badhwa.

(B) Har Prasad Vs Shiv Dayal

(C) Kalpnath Rai Vs State of Maharashtra

(D) Roni Vs State of Maharashtra

84. ''अवांछनीय विधि से प्राप्त साक्ष्य ग्राह्य है यदि वह अन्यथा सुसंगत है।'' न्यायालय ने यह कहा–

(A) पुष्पा देवी एम० जाटिया बनाम एम० एल० बाधवा

(B) हर प्रसाद बनाम शिवदयाल

(C) कल्पनाथ राय बनाम महाराष्ट्र राज्य

(D) रोनी बनाम महाराष्ट्र राज्य

85. R. M. Malkani Vs state of Maharastra AIR 1973 Sc. 157 relates with the interpretation of?

(A) Tape recorded evidence

(B) Confession before police

(C) Expert opinion

(D) Hearsay evidence

85. आर० एम० मलकानी बनाम महाराष्ट्र राज्य ए० आई० आर० 1973 सु० को० 157 किसकी व्याख्या से सम्बंधित है?

(A) टेप रिकार्ड किया हुआ साक्ष्य

(B) पुलिस से की गयी संस्वीकृति

(C) विशेषज्ञ की राय

(D) अनुश्रुत साक्ष्य

86. 'Court believes the any fact is not in existence' means-
(A) Proved
(B) Not proved
(C) Disproved
(D) All of the above

86. 'न्यायालय को यह विश्वास है कि कोई तथ्य अस्तित्व में नहीं है' से अभिप्राय है–
(A) साबित
(B) साबित नहीं हुआ
(C) नासाबित
(D) उपरोक्त सभी

87. Disproved of a fact means-
(A) That fact is not proved.
(B) That fact is proved.
(C) That the existence of a fact is probable in high degree.
(D) That the court is under the obligation to believe that fact is not in existence.

87. तथ्य के नासावित होने का अर्थ है–
(A) कि तथ्य सिद्ध नहीं हुआ है।
(B) कि तथ्य सिद्ध हुआ है।
(C) कि किसी तथ्य का अस्तित्व अधिसम्भाव्य है।
(D) कि न्यायालय को विश्वास दिलाता है कि तथ्य अस्तित्व में नहीं है।

88. Under the Indian Evidence Act 1872, Electronic document produced before the court for examination is called-
(A) Electronic evidence
(B) Documentary evidence
(C) Oral evidence
(D) Modern evidence

88. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के अर्न्तगत न्यायालय के निरीक्षण हेतु प्रस्तुत इलेक्ट्रानिक अभिलेख हैं–
(A) इलेक्ट्रानिक साक्ष्य
(B) दस्तावेजी साक्ष्य
(C) मौखिक साक्ष्य
(D) आधुनिक साक्ष्य

89. Which one of the following is not a document-
(A) Photography
(B) Map
(C) Writing created on metal sheet
(D) Oral Evidence

89. निम्नलिखित में से कौन सा 'दस्तावेज' नहीं है–
(A) फोटो चित्रित
(B) मानचित्र
(C) धातु पट्ट पर उत्तकीर्ण लेख
(D) मौखिक साक्ष्य

90. Which of the following is not included in the meaning of 'Document' under the provision of Indian Evidence Act?

(A) Writing
(B) Map
(C) Telephonic conversation
(D) Photography word

90. निम्नलिखित में से कौन भारतीय साक्ष्य अधिनियम के अर्न्तगत 'दस्तावेज' शब्द के अर्थ के अर्न्तगत नहीं आता है?

(A) लेख
(B) मानचित्र
(C) टेलीफोन वार्ता
(D) फोटो चित्रित शब्द

91. By which law, under Sec. 3 of Evidence Act, electronic document is established?

(A) 17 Oct. 2000
(B) 2 Oct. 2000
(C) 10 Oct. 2000
(D) 14 Nov. 2000

91. साक्ष्य अधिनियम की धारा 3 में इलेक्ट्रानिक अभिलेखों को किस विधि से स्थापित किया गया है?

(A) 17 अक्टूबर 2000
(B) 2 अक्टूबर 2000
(C) 10 अक्टूबर 2000
(D) 14 नवम्बर 2000

92. Which of the following is come with in the ambit of evidence Act?

(A) General rules of Reasonableness
(B) Legal rules of law of evidence
(C) Logical rule
(D) All of the above

92. निम्न में कौन साक्ष्य विधि में सम्मिलित होते हैं?

(A) युक्ति युक्ति साधारण नियम
(B) साक्ष्य के विधिक नियम
(C) तार्किक नियम
(D) उपरोक्त सभी

93. Under Indian Evidence Act 1872, relevant facts are-

(A) Must be relevant under the provision of law
(B) Must be logically relevant
(C) Must be legally or logically relevant
(D) None of these

93. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 के अधीन सुसंगत तथ्य है–

(A) विधिक रूप से सुसंगत होना चाहिए
(B) तार्किक रूप से सुसंगत होना चाहिए
(C) विधिक रूप से या तार्किक रूप से सुसंगत होना चाहिए
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

94. Anything, state of things, or relation of things, capable of being perceived by the senses-
(A) Is an evidence
(B) Is a fact
(C) Is a fact in issue
(D) None of these

94. ऐसी कोई वस्तु, वस्तुओ की अवस्था या वस्तुओं का सम्बन्ध जो इन्द्रियो द्वारा बोधगम्य हो–
(A) एक साक्ष्य है
(B) तथ्य है
(C) विवाधक तथ्य है
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

95. Indian Evidence Act 1872 is applicable on-
(A) Proceeding of Administrative tribund
(B) Proceeding of an arbitrator
(C) Proceeding of contempt
(D) None of these

95. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 लागू होता है–
(A) प्रशासनिक अभिकरण की कार्यवाही पर
(B) मध्यस्थम की कार्यवाही पर
(C) अवमानना की कार्यवाही पर
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

96. According to Sec. 3 of Evidence Act, the word 'Court' includes-
(A) Judge
(B) Magistrate
(C) Arbitrator
(D) Validly authorised person to give evidence.

96. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 3 के अनुसार 'न्यायालय' शब्द के अर्न्तगत नहीं आते है–
(A) न्यायाधीश
(B) मजिस्ट्रेट
(C) मध्यस्थ
(D) साक्ष्य देने के लिए वैध रूप से अधिकृत व्यक्ति

97. The object of Indian Evidence Act 1872, according to preamble is-
(A) To define and amend Evidence Act
(B) To consolidate, define and amend the law of Evidence
(C) To disclose, define and consolidate the law of Evidence
(D) To disclose, consolidate define and amend the law of Evidence

97. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 का उद्देश्य, उद्देशिका के अनुसार है–
(A) साक्ष्य की विधि को परिभाषित और संशोधित करना
(B) साक्ष्य की विधि का समेकन, परिभाषा और संशोधन करना
(C) साक्ष्य की विधि का प्रकटन, परिभाषा एवं समेकन
(D) साक्ष्य की विधि का प्रकटन, समेकन, परिभाषा और संशोधन करना

98. Evidence Act-
   (A) Have retrospective effect
   (B) Effect the fundamental right of a person.
   (C) Always have prospective effect
   (D) Not a procedural law

99. Indian Evidence Act 1872 is applicable on-
   (A) Proceeding before arbitrator
   (B) Departmental proceedings
   (C) Judicial proceedings before the court
   (D) None of these

100. Indian Evidence Act 1872 was enacted on-
   (A) $6^{th}$ Oct. 1860
   (B) $1^{st}$ March 1874
   (C) $15^{th}$ March 1872
   (D) $1^{st}$ Sept. 1872

98. साक्ष्य की विधि–
   (A) भूतलक्षी प्रभाव रखती है
   (B) व्यक्ति के मूलअधिकारों को प्रभावित करती है।
   (C) सदैव भविष्यलक्षी प्रभाव रखती है
   (D) प्रक्रियात्मक विधि नहीं है

99. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 लागू होता है–
   (A) मध्यस्थ के समक्ष कार्यवाहियों पर
   (B) विभागीय कार्यवाहियों पर
   (C) न्यायालयों के समक्ष न्यायिक कार्यवाहियों पर
   (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

100. भारतीय साक्ष्य अधिनियम 1872 अधिनियमित हुआ था–
   (A) 6 अक्टूबर 1860 में
   (B) 1 मार्च 1874 में
   (C) 15 मार्च 1872 में
   (D) 1 सितम्बर 1872 में

******

**Rough Work / रफ कार्य**

**<u>DO NOT OPEN THE QUESTION BOOKLET UNTIL ASKED TO DO SO</u>**

1. Examinee should enter his / her roll number, subject and Question Booklet Series correctly in the O.M.R. sheet, the examinee will be responsible for the error he / she has made.
2. **This Question Booklet contains 100 questions, out of which only 75 Question are to be Answered by the examinee. Every question has 4 options and only one of them is correct. The answer which seems correct to you, darken that option number in your Answer Booklet <u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u> completely with black or blue ball point pen. If any examinee will mark more than one answer of a particular question, then the first most option will be considered valid.**
3. Every question has same marks. Every question you attempt correctly, marks will be given according to that.
4. Every answer should be marked only on Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>.**Answer marked anywhere else other than the determined place will not be considered valid.
5. Please read all the instructions carefully before attempting anything on Answer Booklet**(O.M.R ANSWER SHEET).**
6. After completion of examination please hand over the Answer Booklet **<u>(O.M.R ANSWER SHEET)</u>** to the Examiner before leaving the examination room.
7. There is no negative marking.

**Note:** On opening the question booklet, first check that all the pages of the question booklet are printed properly in case there is an issue please ask the examiner to change the booklet of same series and get another one.